# शीर्ष 50 इंस्टीट्यूट में आईआईटी इंदौर ने बनाई जगह

इंदौर ◆ एशिया की सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में आईआईटी इंदौर ने टॉप 50 में जगह बनाई है। टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग की इस सूची में एशिया के 27 देशों के 400 इंस्टीट्यूट शामिल किए गए थे। आईआईटी इंदौर को इसमें 50वां स्थान मिला है। आईआईएससी बेंगलुरु इस रैंकिंग में आईआईटी इंदौर से ऊपर है। इसमें पांच पैरामीटर थे जिसमें टीचिंग (25 प्रतिशत), रिसर्च (30 प्रतिशत), सिटेशन (30 प्रतिशत), इंटरनेशनल (7.5 प्रतिशत) और इंडस्ट्री (7.5 प्रतिशत) के आधार पर रैंकिंग दी गई। आईआईटी इंदौर ने इस रैंकिंग में 100 में से 44.8 का स्कोर हासिल किया है। आईआईटी इंदौर के डायरेक्टर प्रदीप माथुर ने कहा कि हम दुनिया की सबसे बेहतर फैकल्टी को यहां लाने और छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा देने के लिए प्रयासरत हैं।

**Patrika (Indore), 2nd May 2019, Patrika Plus, Page-13**